एकात्म भारत के लिए
सुचेन्द्र मिश्रा द्वारा प्रसारित

# एकात्म भारत

@EkatmaBharat
दैनिक एकात्म भारत

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष, दशमी,
शनिवार विक्रम संवत् 2076

जो एकात्म है वही भारत है

21 दिसंबर 2019, इंदौर

e-paper : www.ekatmabharat.com

## 'दे के रहेंगे आजादी, अब तक दी है आजादी.. के नारे साथ सीएए का समर्थन

### दिल्ली से लेकर कटिहार तक तथा वकीलों से लेकर छात्र व ऑटो चालक तक सीएए के समर्थन में मैदान में, कश्मीरी संगठन ने भी किया समर्थन

**लखनऊ**

नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी को लेकर जहा एक तरफ पूरे देश में समर्थन देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को पूर्णिया में बिल के समर्थन में सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा।

कोसी-सीमाचल से बिल के समर्थन में **पूर्णिया** पहुंचे हर मजहब के लोगों ने सरकार द्वारा पारित नागरिकता बिल को समर्थन करने के साथ लोगों से भी पारित बिल का समर्थन करने की अपील की। सड़क पर बिल के समर्थन में पैदल मार्च में निकले हजारों लोगों की भीड़ पारित बिल को देश के लिए हितकर बताते हुए लगातार हिंसा छोड़ भाईचारा अपनाने की अपील की। हजारों की संख्या में निकले इस पैदल मार्च में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। महिलाओं ने कहा कि देश में असमाजिक तत्वों द्वारा अराजकता फैला कर देश में हिंसा करवाई जा रही है।

**जींद** शहर की विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संस्थाओं ने शुक्रवार को शिव चौक से पंजाबी बाजार, तांगा चौक से होते हुए मेन बाजार से सिटी थाना तक पैदल मार्च निकाला गया। इसमें सीएए व एनआरसी का समर्थन किया गया। भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ सैकड़ों लोगों ने बिल का समर्थन किया।

इस मार्च में शहर की अन्ना टीम, जयति जयति हिंदू महान संगठन, हेल्प ए मिशन, जींद शिक्षा सहयोग समिति, पंजाबी बाजार एसोसिएशन, तांगा चौक व्यापार संगठन, मेन बाजार एसोसिएशन, गांधी गली एसोसिएशन, रेडीमेड एसोसिएशन व बर्तन बाजार एसोसिएशन ने बढ़चढ़कर भाग लिया। अन्ना टीम से सुनील वशिष्ठ ने कहा कि इस बिल पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री ने विपक्ष के सभी नेताओं के सवालों के जवाब दिए। **खगड़िया में** सीएए के समर्थन में शुक्रवार को पानी टंकी मैदान से पैदल मार्च का आयोजन आलमनगर एकता मंच के बैनर तले किया गया। कार्यक्रम में एनडीए कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पैदल यात्रा पानी टंकी मैदान से आलमनगर थाना चौक, पोस्ट ऑफिस चौक होते हुए आलमनगर बाजार, खगड़िया बस स्टैंड से बाईपास सड़क से होते हुए पुनः पोस्ट ऑफिस चौक पहुंचा कर नुक्कड़ सभा के माध्यम से सीएए व एनआरसी को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर कहा गया कि विपक्ष के अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। विपक्ष के द्वारा सीएए को लेकर जो भ्रमित कर आम लोगों को आगे कर देश में भय एवं उपद्रवियों के मदद से आराजकता फैलाने का काम किया जा रहा है उससे बचने की जरूरत है। वहीं इस दौरान नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जदयू के प्रखंड अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर राय, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुबोध ऋषिदेव, भाजपा नेता मनोज मनोरंजन ठाकुर, प्रोफेसर किशोर चौधरी साहित्य बुद्धिजीवी एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों ने संबोधित कर लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ अफवाह से बचने की बात कही।

विस्थापित कश्मीरी हिंदुओं के एक संगठन ने शुक्रवार को संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के प्रति समर्थन जाहिर किया और देशभर में हो रहे प्रदर्शनों एवं हिंसा की निंदा की। **ऑल इंडिया कश्मीरी समाज (एआईकेएस)** ने प्रदर्शनकारियों से अपील की कि वे ''निहित स्वार्थों'' से भ्रमित नहीं हों। ''निहित स्वार्थी'' लोग जानबूझकर नये कानून को लेकर गलत सूचना फैला रहे हैं और सीमित राजनीतिक लाभ के लिए दुष्प्रचार में शामिल हैं। एआईकेएस के अध्यक्ष तेज के टिक्कू ने कहा कि एआईकेएस बड़े पैमाने पर हो रही हिंसा को लेकर अपना गहरा रोष और चिंता जाहिर करता है।




**बागपत में**, नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के समर्थन में आए अधिवक्ताओं ने उपद्रवियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। अधिवक्ताओं ने इस संबंध में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। अधिवक्ताओं का कहना है कि नागरिकता कानून किसी के विरोध में नहीं है।

शुक्रवार सुबह न्यू तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एसडीएम राजपाल सिंह को सौंपे ज्ञापन में कहा कि कानून पड़ोसी देशों के प्रताड़ित नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए है, न कि किसी को प्रताड़ित करने के लिए। बवाली भ्रम फैलाकर सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान कर जनजीवन को पटरी से उतारने का प्रयास कर रहे हैं। उपद्रवियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। **दिल्ली** के राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के ऊपर बने इस सेंट्रल पार्क में शुक्रवार शाम को भारी संख्या में लोग एकजुट हुए थे और वे इस ऐक्ट के समर्थ में नारे लगा रहे थे।इस प्रदर्शन में शामिल होने आए लोगों के पास इस ऐक्ट के समर्थन वाले पोस्टर भी थे, जिन पर लिखा था 'वी सपॉर्ट सीएए' (हम सीएए का समर्थन करते हैं) और 'वी सपॉर्ट दिल्ली' (हम दिल्ली का समर्थन करते हैं।) **ग्वालियर** में नागरिकता कानून के समर्थन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता टोलियों में रानी लक्ष्मीबाई समाधिस्थल की तरफ से नारेबाजी करते हुए फूलबाग चौराहे पर आए। चौराहे पर पहुंचते ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने धारा 144 का उल्लघंन करने के आरोप में 77 समर्थकों को गिरफ्तार किया है।

**जयपुर** में केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि देश में विरोध करने और आंदोलन करने का अधिकार सबको है, लेकिन कोई देश को तोड़ने की बात करेगा तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारत सबका सम्मान करेगा, लेकिन आतंकी और टुकड़े-टुकड़े गैंग के खिलाफ सख्त भी रहेगा। प्रसाद शुक्रवार को जयपुर में राजस्थान भाजपा की ओर से नागरिकता संशोधन बिल (सीएए) के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे। राजस्थान की कांग्रेस सरकार इस बिल को राजस्थान में लागू करने की इच्छुक नहीं है। ऐसे में इस रैली के जरिए सरकार को चेतावनी भी दी गई और रैली के बाद राज्यपाल कलराज मिश्र को ज्ञापन दे कर यह विधेयक राजस्थान में लागू कराने की मांग भी की गई।

